हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 20 अगस्त 2025

11 समूह नृत्य में भिवानी ब्लॉक के विद्यांतरिक्ष स्कूल ने ...



12 अवैध कचरा प्वाइंट पर डाला जा रहा बायोवेस्ट ...



## खबर संक्षेप

### इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 तक बढ़ाई

**चरखी दादरी।** इग्नू से साथ-साथ करें स्नातक और डिप्लोमा की पढ़ाई पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग एवं आईटीआई के छात्रों के लिए सुनहरा अवसर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल बताया कि इग्नू ने जुलाई 2025 सत्र के लिए सर्टिफिकेट कार्यक्रमों को छोड़कर डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक बढ़ा दी है। यह उन विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर है जो उच्च शिक्षा की इच्छा रखते हैं।

### स्वीकृत कलेक्टर रेट वेबसाइट पर अपलोड

**चरखी दादरी।** सरकार के निर्देशों के अनुसार जिला में वर्ष 2025-26 के लिए भूमि के नए कलेक्टर रेट निर्धारित कर दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने सरकार की अनुमति के बाद स्वीकृत कलेक्टर रेट की तहसीलवार सूची आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि सरकार के निर्देशों के तहत जिला के कलेक्टर रेट निर्धारित करने से पहले लोगों को अपनी राय देने का अवसर दिया गया।

### झोझूकलां में रक्तदान शिविर 24 को लगेगा

**भिवानी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर संस्थान द्वारा भारत व नेपाल में रक्तदान महाअभियान चलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाया जाएगा। इन्हीं शिविरों की श्रृंखला में झोझूकलां में सांगवान अस्पताल गुडाना मोड़ में भारतीय सेना के लिए 24 अगस्त रविवार को प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा,जिसमें दिल्ली कैंट से आर्मी की रक्त वाहिनी टीम रक्त संग्रह करने के लिए पहुंचेगी। अभियान के अंतर्गत देशभर के छह हजार से अधिक सेवा केंद्रों से एक लाख यूनिट रक्तदान एकत्रित कर विश्व रिकार्ड बनाने का लक्ष्य है।

## अध्यापिका मनीषा की संदिग्ध मौत को लेकर बिफरीं छात्राएं

# छात्राओं ने रोड जाम कर किया विरोध प्रदर्शन, बस स्टैंड का गेट कर दिया बंद

मृतक अध्यापिका मनीषा को न्याय दिलाने के लिए प्रदेशभर में धरने प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

गांव ढाणी लक्ष्मण निवासी अध्यापिका मनीषा की संदिग्ध मौत मामले में मंगलवार को तोशाम में विभिन्न छात्राओं ने स्थानीय बस स्टैंड के सामने रोड जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने तोशाम बस स्टैंड के गेट को भी बंद कर अब आगमन रोक दिया। इस दौरान छात्राओं का गुस्सा सातवें आसमान पर था और मौजूद छात्राएं बार-बार मनीषा को न्याय देने की मांग कर रही थी।

लोहारू हलके के गांव ढाणी लक्ष्मण निवासी अध्यापिका की करीबन एक सप्ताह पहले संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इसके पश्चात प्रदेश भर में मृतक अध्यापिका मनीषा को न्याय दिलाने के लिए धरने प्रदर्शन शुरू हो गए थे। इसी कड़ी में मंगलवार को तोशाम में विभिन्न छात्राओं ने बस स्टैंड के सामने एकत्रित होकर मृतक अध्यापिका मनीषा को न्याय दिलाने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस प्रशासन तथा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बार-बार मनीषा को न्याय देने की मांग करते रहे। गुस्साई छात्राओं ने इस दौरान रोड तो जाम कर ही दिया बल्कि तोशाम के बस स्टैंड के गेट को भी बंद कर दिया जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। तत्पश्चात इस दौरान छात्राओं के साथ में अनेक ग्रामीण, युवा तथा महिलाएं भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गई। इस दौरान पहुंचे पुलिस प्रशासन ने भी छात्राओं को काफी समझाया लेकिन छात्राएं अपनी मांग पर अडी रही।



■ छात्राओं के साथ में अनेक ग्रामीण, युवा तथा महिलाएं भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए

## पुलिस छावनी बना गांव ढिगावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

लोहारू इलाके में ढाणी लक्ष्मण के अलावा आसपास के गांवों के लोगों की भीड़ बढ़ने व किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए प्रशासन ने दो दिनों के लिए नेट को बंद करवा दिया है। यहां तक कई इलाकों में तो मोबाइल का नेटवर्क ही गायब गायब हो गया। जिसके चलते लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा।

मनीषा के दाह संस्कार की ना नुकर होने के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया। किसी तरह की कोई अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस प्रशासन ने ढिगावा मंडी में पड़ोसी जिलों की पुलिस तैनात कर दी। साथ ही पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया। हर चौक चौराहा ही नहीं , हर मार्ग पर पुलिस की टुकड़ी नजर आई। कस्बे को जोड़ने वाले सभी मार्गों पर पुलिस के जवान तैनात रहे। हालांकि रोडवेज व अन्य वाहनों के आवागमन आराम से होता रहा,लेकिन पुलिस की वहां से गुजरने वाले हर वाहन व व्यक्ति पर नजर बनी रही। यही हाल गांव ढाणी लक्ष्मण का रहा। वहां पर भी चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा।

**अधिकारियों ने रेस्ट हाऊस में डाला डेरा:** मनीषा का दाह संस्कार न होने के बाद जिले के अनेक अधिकारी ढिगावा मंडी पहुंच गए। माहौल जांच के बाद सभी अधिकारियों ने ढिगावा मंडी के रेस्ट हाऊस में डेरा डाल लिया। अधिकारी पल पल के बदलते घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है। रेस्ट हाऊस में जिस तरफ नजर दौड़ाई जाए। उसी दिशा में वीआईपी वाहन खड़ा नजर आ रहा है। सभी जांच की जा रही है।



**लोहारू।** किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए बाहर से बुलाई गई महिला पुलिस।

# कई छात्र सगठनों ने रोष प्रदर्शन किया

■ मनीषा हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव सिंधानी में हुई महिला टीचर मनीषा की हत्या के विरोध में महिला महाविद्यालय बवानीखेड़ा के विभिन्न छात्रों सगठनों ने रोष प्रदर्शन किया, वही कस्बा की पूर्व पार्षद एवं हरियाणा जागृति मोर्चा की सदस्या मीना चौपड़ा सिंधू ने प्रदर्शनकारियों ने सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

महिला महाविद्यालय बवानी खेड़ा के छात्र और सामाजिक संगठन हरियाणा जागृति मोर्चा , बजरंग दल , मनीषा की हत्या के विरोध में सड़कों पर उतरे। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर समय पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। छात्रा काफी यादव ,स्वीटी ,कविता ,अंतरा, आशा, मधु ,मोनिका ,सपना, पूजा ,राखी ,आशु ,सोनिका, अनु ,खुशी ,समरन ,विशाखा, प्रियका ,स्वीटी, नीशा ,लक्ष्मी, सपना, रेखा ,साक्षी, बबीता, बिमला, नीशा ,बसीका तथा छात्रों के प्रदर्शन में समर्थन करने पहुची पूर्व पार्षद एव मोर्चा की सदस्य एडवोकट मीना चौपड़ा, संदीप यादव भास्कर संयुक्त रूप से कहा कि मनीषा की निर्मम हत्या से वे बहुत आहत हैं।

### आंदोलन तेज करने की चेतावनी

कस्बा के शहीद गुलाब सिंहँ पार्क के सामने से होते हुए मैन हांसी भिवानी मार्ग पर भी विरोध प्रदर्शन किया तथा नारी बाजी शासन व प्रशासन के खिलाफ नारे बाजी की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे और इसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आंदोलन अभी जारी रहेगा।



**भिवानी।** विरोध प्रदर्शन करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## श्री राम इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शहर में विरोध प्रदर्शन कर न्याय की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

■ मनीषा की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया।

मनीषा हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी और मनीषा को न्याय की मांग को लेकर मंगलवार को विरोध प्रदर्शन जारी रहा। कस्बे के श्री राम इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शहर में विरोध प्रदर्शन कर मनीषा के लिए न्याय की मांग की। विद्यार्थियों ने मृतका की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा। मंगलवार को श्री राम इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने मनीषा हत्याकांड को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

प्राचार्य नीलू जावला तेवतिया ने कहा कि समाज में इस तरह से जघन्य अपराध बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने मांग की कि अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कानून उनको सख्त सजा दें। विद्यार्थियों ने प्रार्थना सभा का आयोजन कर दिवंगत मनीषा की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। विद्यार्थियों ने विद्यालय से लेकर शहर में रोष प्रदर्शन किया और प्रशासन को जगाने की कोशिश की। रोष प्रदर्शन से विद्यार्थियों ने पूरे जोश से बहन मनीषा को न्याय दो के नारे लगाकर लोगों को अपने साथ जोड़ने का काम किया। विद्यालय चेयरमैन डॉ. विरेंद्र श्योराण ने कहा कि भिवानी जिला हमेशा एक शांति प्रिय जिला रहा है,लेकिन, इस हत्याकांड ने पूरे प्रदेश को हिला कर रख दिया है। अगर शांति प्रिय इलाके में इस तरह की अपराधिक प्रवृत्ति के लोग खुले घूमेंगे तो यह समाज के लिए बिल्कुल भी सही नहीं होगा। पूर्व चेयरमैन सुशील केडिया ने कहा कि समाज में लड़कियों के प्रति हो रहे अपराध के लिए सरकार सख्त कदम उठाए और इस तरह के अपराध के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट मे शीघ्र सुनवाई करके अपराधियों क़ो पूरे समाज के सामने सजा दें।

### डॉ. आंबेडकर मेधावी छात्रवृति योजना में 31 जनवरी तक ऑनलाइन करें आवेदन

**चरखी दादरी।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अल्पसंख्यक (सेवा) विभाग हरियाणा, पंचकूला द्वारा संचालित डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छात्र-छात्राएं इस योजना का लाभ उठाने के लिए आगामी 31 जनवरी तक ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

■ योजना के तहत मेधावी छात्रों को 12 हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति मिलेगी

उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ती प्रतिस्पर्धा के युग में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, विमुक्त घुमंतु, टपरीवास श्रेणी एवं अन्य वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग एवं प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से ये योजना चलाई जा रही है। पात्र छात्र-छात्राओं को उनकी श्रेणी, कक्षा तथा प्राप्तांक के आधार पर 8 हजार से 12 हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को 10वीं कक्षा में शहरी क्षेत्रों में 70 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर 8 हजार, 12वीं कक्षा में क्रमशः 75 प्रतिशत एवं 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर 8 हजार से 10 हजार तक मिलेंगे।

# खून का रिसाव न होना, चोट मृत्यु के बाद की हो सकती : आईजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ एफएसएल रिपोर्ट में वीर्य सीमन के कोई निशान नहीं पाए गए

रोहतक रेंज के आईजी वाई पूर्ण कुमार ने बताया कि भिवानी सिविल अस्पताल में हुई पीएमआर जांच में डॉक्टर ने गले के आगे और दोनों तरफ़ फटा हुआ घाव पाया, जिसमें जानवरों द्वारा काटने व कुतरने जैसे निशान थे। यह मृत्यु के बाद की गतिविधि को दर्शाता है। इसके बाद पीजीआईएमएस रोहतक में भी पीएमआर किया गया, जिसमें यही निष्कर्ष आया कि गले पर कुतरने जैसे निशान हैं, लेकिन आसपास के नरम ऊतकों में खून का कोई रिसाव नहीं है, जो यह साबित करता है कि चोटें मृत्यु के बाद की हैं। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से लिए गए सैंपल एफएसएल भेजे गए थे, जिनकी रिपोर्ट अब प्राप्त हो गई है और पाया गया है कि पहला, शरीर पर कहीं भी एसिड के कोइ भी निशान नहीं पाए गए। तीसरा, एफएसएल रिपोर्ट में वीर्य सीमन के कोई निशान नहीं पाए गए, जिससे यह स्पष्ट होता है कि बलात्कार नहीं हुआ। शव के पास से एक सुसाइड नोट मिला था।

इस नोट की लिखावट को परिजनों ने मनीषा की लिखावट के रूप में पहचाना। लिखावट का नमूना भी एफएसएल भेजा गया था, जहां मनीषा की स्वीकृत लिखावट से पूरी तरह मेल पाया गया। आगे की जाँच में यह भी सामने आया है कि मनीषा ने एक दुकान से कीटनाशक खरीदा था। दुकान के सीसीटीवी फुटेज और रजिस्टर एंट्री से भी इसकी पुष्टि हुई है। एफएसएल जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह स्पष्ट हुआ है कि मनीषा ने कीटनाशक का सेवन किया था, क्योंकि उसके शरीर में कीटनाशक के अंश पाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि लोहारू उपमंडल, जिला भिवानी के सिंहाणी गांव में एक दुखद घटना हुई है और हमारी पूरी संवेदनाएँ परिवार के साथ हैं। 19 वर्षीय युवती मनीषा 11 अगस्त 2025 को अपने घर से लापता हो गई थी।




**आंदोलन** | पोस्टमार्टम रिपोर्ट और सुसाइड नोट पर उठाए सवाल

# जब तक पीड़ित परिवार की संतुष्टि नहीं होगी खापें उनके साथ खड़ी रहेंगी: प्रधान

मामले को साजिश के तहत रफा दफा करने का प्रयास किया जा रहा :फौगाट खाप प्रधान सुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

ढाणी लक्ष्मण की टीचर मनीषा की संदिग्ध मौत मामले में फौगाट खाप के आह्वान पर सर्वजातीय खापों की पंचायत हुई। पंचायत ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पांच दिन बाद मिले सुसाइड नोट पर सवाल खड़े किए। पंचायत ने निर्णय लिया कि खाप न्याय नहीं मिलने तक मनीषा के परिजनों की हर संभव मदद करेगी। जिसके लिए एक कमेटी गठित की जाएगी। विरोध को देखते हुए दादरी जिले में इंटरनेट सेवा 21 अगस्त तक बंद कर दी गई है। फौगाट खाप प्रधान सुरेश ने कहा कि इस मामले को साजिश के तहत रफा दफा करने का प्रयास किया जा रहा है।

शव मिलने के पांच दिन बाद सुसाइड नोट मिलना संदेह के घेरे में है। सुसाइड नोट शव के साथ ही मिलना चाहिए था, लेकिन पुलिस ने पांच दिन बाद सुसाइड नोट रख दिया। वक्ताओं ने कहा कि जिस तरफ से मनीषा की जिस हालत में डेड बॉडी मिली है, उसको देखकर हत्या से इन्कार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को दबाया जा रहा है। मामले में राजनीति हस्तक्षेप भी हो सकता है। जब तक पीड़ित परिवार की संतुष्टि नहीं होगी खापें उसने साथ खड़ी रहेंगी। खाप प्रतिनिधियों ने कहा कि जिस कॉलेज में मनीषा दाखिले के लिए गई थी, वहां मौजूद लोगों ने सख्ती से पूछताछ होनी चाहिए थी, लेकिन पूरी रह से खानापूर्ति की गई।



**इंटरनेट सेवा बंद:** मनीषा प्रकरण को लेकर दादरी जिले में भी लगातार पुलिस और सरकार के खिलाफ रोष बना हुआ है। सामाजिक और छात्र संगठन लगातार न्याय की मांग को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। सुसाइड नोट मिलने के बाद मंगलवार सुबह कुछ देर के लिए जिलाभर में शांति रही लेकिन मृतका के परिजनों ने जांच से असंतुष्टि जाहिर की तो फिर से आंदोलन शुरू हो गया। जिसके बाद चरखी दादरी में भी इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई।



# अली फजल की नई वेब सीरीज राख का ऐलान

**नई दिल्ली।** अली फजल न केवल फिल्मी दुनिया, बल्कि ओटीटी पर भी कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कई वेब सीरीज में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता है। अब वह फिर से नई वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं जिसकी अनाउंसमेंट भी हो गई है। ओटीटी की नई वेब सीरीज में अली फजल पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाने वाले हैं। सीरीज की कहानी थ्रिल और सस्पेंस से भरी होने वाली है जो अपराध और न्याय के इर्द-गिर्द घूमेगी। एंडेमोलशाइन इंडिया और गुलबदन टॉकीज के बैनर तले बनी सीरीज एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर होगी। इस वेब सीरीज का नाम राख है। इस सीरीज का निर्देशन प्रोसित रॉय कर रहे हैं।

लाइफ Style



# हुमा
## खुद कहानियां बनाने का किया फैसला

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने हाल ही में निर्माता बनने के फैसले को लेकर कई खुलासे किए। साथ ही उन्होंने बताया कि आखिर वह निर्माता क्यों बनना चाहती हैं। हुमा कुरैशी और उनके भाई साकिब सलीम जल्द ही अपनी पहली प्रोडक्शन फिल्म 'बेबी डू डाई डू' रिलीज करने वाली हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनय के अलावा, दोनों ने अब निर्माता बनने का फैसला किया है, ताकि वे अच्छी कहानियों को खुद चुन सकें और उन्हें दर्शकों तक पहुंचा सकें। हुमा का कहना है कि अभिनेत्री के तौर पर उन्हें हमेशा दूसरों के चुने हुए रोल पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे उनमें निराशा थी, क्योंकि वे और भी बहुत कुछ कर सकती थीं। इसीलिए, उन्होंने और साकिब ने खुद कहानियां बनाने का फैसला किया। उनकी पहली प्रोडक्शन फिल्म जल्द रिलीज होगी और इसके बाद हुमा एक इन्वेस्टिगेटिव फिल्म 'बयान' में नजर आएंगी। 39 साल की हुमा ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। इस लिस्ट में गैंग्स ऑफ वासेपुर, डेढ़ इश्किया और जॉली एलएलबी 2 जैसी फिल्में शामिल हैं। अब वह नई और अच्छी कहानियां लाना चाहती हैं। वे कहती हैं कि उन्होंने और साकिब ने दूसरों के मौके का इंतजार करने के बजाय खुद मौके बनाने का फैसला किया। वे अपने प्रोडक्शन हाउस को ऐसा बनाना चाहती हैं, जहां नए चेहरों को मौका मिले और काम का माहौल बेहतर हो। हुमा का कहना है कि वे दूसरों की गलतियों को नहीं दोहराएंगी। भविष्य में वे बड़ी फिल्में बनाना चाहेंगी, लेकिन नए टैलेंट को मौका देने की कीमत पर नहीं।

हॉलीवुड मसाला



## 25 फिल्मों के बाद भी कम नहीं हुआ क्रेज

**नई दिल्ली।** जेम्स बॉन्ड एक फिक्शनल जासूस कैरेक्टर है, जिसे ब्रिटिश राइटर इयान फ्लेमिंग ने 1953 में बनाया था। पहली फिल्म से मशहूर होने के बाद जेम्स बॉन्ड पर 25 फिल्में बन चुकी हैं। लेकिन, अभी भी दर्शकों के साथ-साथ फिल्म मेकर्स का इस कैरेक्टर को लेकर क्रेज खत्म नहीं हो रहा है। बॉन्ड फिल्में अपने साउंडट्रैक समेत कई बेहतरीन चीजों के लिए जाना जाता है। इसके थीम सॉन्ग्स को कई बार ऑस्कर में नॉमिनेश और तीन बार अवॉर्ड भी मिले। ज्यादातर फिल्मों में बॉन्ड की कारें, उनकी बंदूकें और बॉन्ड गर्ल्स को काफी पसंद किया गया है।



## बैटमैन की आ चुकी हैं 18 मूवीज 10 एक्टर्स बने सुपरहीरो

**नई दिल्ली।** डीसी फिल्म्स ने सुपरहीरो मूवीज की शुरुआत की और सुपरमैन के बाद सबसे हिट फ्रेंचाइजी बैटमैन थी। बैटमैन की 18 मूवीज आ चुकी हैं। 10 एक्टर्स सुपरहीरो बने। बैटमैन पहली बार बड़े पर्दे पर 1943 में पहुंचा था। इसका निर्माण कोलंबिया पिक्चर्स ने किया था। यूं तो यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन यह एपिसोडिक थी। इसके कुल 15 चैप्टर सिनेमाघरों में रिलीज हुए थो जो हफ्ते में एक बार आते थे। उस वक्त बैटमैन का किरदार लैम्बर्ट हिलियर ने निभाया था और उन्होंने अपने किरदार में जान फूंक दी थी। यह सीरीज इतनी हिट हुई थी कि इसे कोलंबिया पिक्चर्स ने 1954 और 1962 में री-रिलीज किया था। बैटमैन डीसी कॉमिक्स का एक फिक्शनल कैरेक्टर है। इसका असली नाम ब्रूस वेन है जो बहुत अमीर है और गौथम शहर में रहता है।



## डर के बाद पहली बार पहुंचे यशराज स्टूडियो

**मुंबई।** सनी देओल और यशराज फिल्म्स ने साल 1993 में बॉलीवुड को ब्लॉकस्टर फिल्म 'डर' दी थी। लेकिन, इसके बाद उसने फिर दोबारो कभी यश चोपड़ा और आदित्य चोपड़ा के साथ काम नहीं किया। कथित तौर पर सनी देओल का सेट पर वाईआरएफ से झगड़ा हुआ था। लेकिन, अब 30 साल बाद अचानक सनी को आदित्य चोपड़ा के स्टूडियो के बाहर देखा गया। कयास लगने शुरू हो गए कि शायद तीन दशक पुरानी रार अब खत्म हो गई है। चर्चा यह भी शुरू हुई कि क्या 30 साल बाद यह जोड़ी फिर से किसी नई फिल्म की तैयारी में है! सनी देओल यकीनन वाईआरएफ के स्टूडियो पहुंचे थे। लेकिन, यह किसी फिल्म के लिए मुलाकात नहीं थी। असल में एक्टर वहां संगीतकार मिथुन से मिलने गए थे, जिन्हें उन्होंने अपनी अगली फिल्म के लिए साइन किया है।



## कांतारा चैप्टर-1 में गुलशन बनेंगे कुलशेखर

**मुंबई।** कांतारा चैप्टर 1 की रिलीज में जहां अब डेढ़ महीने का वक्त बचा है, वहीं मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म की कास्ट से गुलशन देवैया का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया है। वह फिल्म में कुलशेखर के किरदार में नजर आएंगे। कांतारा चैप्टर 1 ऋषभ शेट्टी की साल 2022 में रिलीज ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है। यह वह फिल्म है, जिसने कन्नड़ सिनेमा को नई ऊंचाइयां दीं। महज 16 करोड़ के बजट में बनी और देश में 309.64 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। यही नहीं, ऋषभ शेट्टी को इसके लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला। 'कांतारा' की रहस्यमयी दुनिया में गुलशन देवैया के किरदार की पहली झलक अपने आप में उत्सुकता को बढ़ाने वाली है। पोस्टर में गुलशन का किरदार शाही अंदाज में सिंहासन पर विराजमान है।

टीवी मसाला



## बिंजोला परिवार के आने से गोकुलधाम में बढ़ेगी रौनक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में जब भूतनी वाला ट्रैक जोड़ा गया तो यह तीन हफ्ते लगातार टीआरपी में नंबर वन रहा, पर इसके बाद इसकी टीआरपी गिर गई। अब मेकर्स एक और ट्विस्ट लेकर आए हैं। 'तारक मेहता' की गोकुलधाम सोसाइटी में अब एक नए परिवार की एंट्री हो गई है, जो ट्विस्ट के साथ कॉमेडी का जायका और बढ़ाएगी। इस परिवार के आने से अब शो में न सिर्फ नए किरदारों की एंट्री हुई है, बल्कि दर्शकों को नई कहानी और नया फ्लेवर देखने को मिलेगा। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में धरती भट्ट, कुलदीप गौर, अक्षान सहरावत और माही भद्रा की नई एंट्री हुई है। कुलदीप गौर शो में रतन बिंजोला नाम के साड़ी बेचने वाले दुकानदार का रोल निभाएंगे, जो जयपुर का रहने वाला है। धरती भट्ट, रतन बिंजोला की पत्नी रूपा के रोल में नजर आएंगी। रूपा एक हाउसवाइफ ही नहीं, बल्कि कंटेंट क्रिएटर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी है। वहीं, अक्षान सहरावत और माही दोनों रतन और रूपा के बच्चों का किरदार निभाएंगे। 'तारक मेहता' में अभी तक टप्पू सेना की थी, जिसने अपनी मासूमियत और शरारतों से गोकुलधाम के निवासियों का ही नहीं, बल्कि दर्शकों भी दिल जीत लिया था। अब टप्पू सेना के अलावा सोसाइटी में दो नए बच्चे आए हैं, जो दर्शकों का दिल जीतने के लिए कमर कस चुके हैं।

### केबीसी में दिहाड़ी मजदूर के बेटे ने जीते 25 लाख

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के लेटेस्ट एपिसोड में हॉट सीट पर गुजरात के दिहाड़ी मजदूर के बेटे संजय देगामा बैठे। अमिताभ बच्चन ने 'फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट' राउंड करवाया, जिसमें संजय देगामा के अलावा



स्नेहा ज्वारे को 'जल्दी 5' राउंड खेलने के लिए चुना गया। इसमें संजय देगामा जीते और उन्होंने हॉट सीट पर बैठने का मौका मिला। संजय देगामा ने 25 लाख रुपए जीते, पर 50 लाख रुपए के लिए पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दे सके। अमिताभ बच्चन ने संजय से जो सवाल पूछा था, वह था: साल 1973 में हैंस एन्गार्ट को हराकर कौन से भारतीय विंबलडन के दूसरे दौर में पहुंचे थे? इसके चार विकल्प दिए गए थे- ए) चिरादीप मुखर्जी, बी) गौरव मिश्रा, सी) जयदीप मुखर्जी और डी) नंदन बाल। संजय देगामा को इसका जवाब मालूम नहीं था, इसलिए उन्होंने गेम छोड़ने का फैसला किया। हालांकि, क्विट करने के बाद उन्होंने 50 लाख के सवाल का जवाब दिया। उन्होंने ऑप्शन बी) गौरव मिश्रा चुना, जो गलत जवाब था। सही जवाब ऑप्शन ए) चिरादीप मुखर्जी था।

## सेना छोड़कर 44 की उम्र में किया बॉलीवुड डेब्यू

**मुंबई।** 44 साल की उम्र में अच्युत पोतदार ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। अभिनय की दुनिया में आने से पहले वह सेना में रहे, कैप्टन के पद से रिटायर हुए, प्रोफेसर के तौर पर भी शिक्षा के क्षेत्र में काम किया। इसके बाद ही अभिनय की दुनिया में दस्तक दी, उन्होंने लगभग 125 बॉलीवुड फिल्मों में एक्टिंग की। वह अधिकतर सहायक भूमिकाओं में नजर आए। फिल्मों के अलावा टीवी सीरियल में भी अच्युत पोतदार ने अपने अभिनय के रंग बिखेरे।

***3 इडियट्स में प्रोफेसर का रोल करके हुए मशहूर*** : आमिर खान की 3 इडियट्स में अच्युत पोतदार ने अभिनय किया था। वह इसमें एक प्रोफेसर के रोल में नजर आए। रोल छोटा था, लेकिन दर्शकों को याद रह गया। इस फिल्म में उनका कहा गया डायलॉग 'अरे, कहना क्या चाहते हो?' खूब मशहूर हुआ। यह डायलॉग आगे चलकर मीम मटीरियल बन गया। सिर्फ इसी फिल्म में वह नजर नहीं आए। कई और फिल्में भी की थीं।



***इन फिल्मों में किया अभिनय*** : अच्युत पोतदार ने कई बड़ी फिल्मों में अभिनय किया। जैसे अमिताभ बच्चन की फिल्म भूतनाथ में वह एक मंदिर के पुजारी बने थे,। आर. राजकुमार में भी पंडित का रोल किया था। फिल्म दबंग में उन्होंने देबी सिंह का रोल किया। फिल्म फेरारी की सवारी में एक बैट शॉप की मालिक का रोल किया। विद्या बालन के साथ परिणीता और रंगीला में उर्मिला के साथ अभिनय किया, दोनों फिल्मों में इन हीरोइनों के पिता का रोल किया था। फिल्म ये दिल्लगी में भी काजोल के पिता के रोल में वह नजर आए।

### चर्चित टीवी सीरियल में भी नजर आए

फिल्मों के अलावा अच्युत पोतदार ने कई टीवी सीरियल, सीरीज भी कीं। इसमें भारत एक खोज, प्राइम मिनिस्टर, वाग्ले की दुनिया और माझा होशिल ना जैसे सीरियल शामिल रहे। मराठी सीरियल माझा होशिल ना के लिए उन्हें 2021 में जीवन गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## फ्लॉप रही थीं ये कल्ट क्लासिक फिल्में आज तारीफें करते नहीं थकते लोग

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं जो जब रिलीज हुई थीं तो इन्हें जनता ने खास इम्पॉर्टेंस नहीं दिया। ये फिल्में अपनी रिलीज के वक्त फ्लॉप हो गई थीं, लेकिन वक्त के साथ लोगों ने इन फिल्मों का महत्व समझा और ये मूवीज कल्ट क्लासिक बन गईं।

**अंदाज अपना अपना** : लिस्ट में पहले नंबर पर है साल 1994 में आई फिल्म 'अंदाज अपना अपना'। महज 2.9 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म में बड़े स्टार्स से लेकर आइकॉनिक विलेन्स तक सब कुछ था, लेकिन फिर भी यह फिल्म फ्लॉप हो गई थी। वक्त के साथ जब लोगों ने इस फिल्म के सिनेमैटिक महत्व को समझा तो यह सुपरहिट हो गई। इस मूवी की आईएमडीबी रेटिंग 8 है और आप इसे आज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**तुम्बाड** : साल 2018 में आई फिल्म 'तुम्बाड' उन दिनों पब्लिक के खराब टेस्ट की भेंट चढ़ गई थी। लेकिन आईएमडीबी पर 8.2 रेटिंग वाली इस



फिल्म का महत्व लोग वक्त के साथ समझे। कमाल की कहानी और दमदार सस्पेंस थ्रिलर वाली इस फिल्म को आज की तारीख में आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**तमाशा** : रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'तमाशा' की कहानी काफी डीप थी और इस फिल्म में एक काफी अहम मैसेज भी था, लेकिन जब यह फिल्म रिलीज हुई तो कुछ खास नहीं चली। लेकिन, साल 2015 में रिलीज हुई इस फिल्म को गुजरते वक्त के साथ महत्व मिला और आईएमडीबी पर 7.4 रेटिंग वाली इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**देल्ही बेली** : आमिर खान बिना बजट की परवाह किए एक बोल्ड कॉमेडी फिल्म बनाना चाहते थे। लेकिन, जब उन्होंने 'देल्ही बेली' बनाकर रिलीज की, तो यह बुरी तरह पिट गई। बाद में फिल्म को धीरे-धीरे तवज्जो मिला और इसे आईएमडीबी पर 7.6 रेटिंग मिली थी।


### 108 साल पहले आया डबल रोल का कॉन्सेप्ट, कई सितारे निभा चुके हैं दोहरी भूमिका

# एक ही अभिनेता ने निभाया था फिल्म में राम और सीता का किरदार

***नई दिल्ली।*** *एक टिकट खरीदकर पूरे ढाई से तीन घंटे सिर्फ अपने ही पसंदीदा सितारे को डबल रोल में देखना किस फैन की ख्वाहिश नहीं होगी। दिलीप कुमार से लेकर नरगिस दत्त देवानंद और श्रीदेवी जैसे कई सितारे फिल्मों में दोहरी भूमिका निभा चुके हैं। हालांकि, डबल रोल निभाने वाले अभिनेता का जन्म 108 साल पहले ही इंडस्ट्री में हो गया था जो पर्दे पर राम और सीता दोनों बने थे। फिल्मों में डबल रोल का कंसेप्ट काफी समय से चला आ रहा है। हेमा मालिनी की 'सीता और गीता' से लेकर, शाह रुख खान की 'डुप्लीकेट', दिलीप कुमार की 'राम और श्याम और सलमान खान की जुड़वा दर्शकों ने थिएटर में बैठकर एक टिकट पर डबल मजे लिए। उन्हें अपने पसंदीदा सितारे को एक ही स्क्रीन पर अलग-अलग रोल में देखने का मौका हमेशा से मिलता रहा है। बीते साल जहां शाह रुख खान ने फिल्म 'जवान' में बाप और बेटे का रोल अदा किया था, तो वहीं डबल रोल निभाने की लीग में अब कृति सेनन का नाम भी शामिल हो चुका है। वह अपनी आगामी फिल्म 'दो पत्ती' में डबल रोल अदा करती हुई दिखाई देंगी।*

### इस अभिनेता ने 1917 में बनी फिल्म में निभाया था डबल रोल

पहली फिल्म में डबल रोल की भूमिका अदा करने वाले अभिनेता कोई और नहीं, बल्कि अन्ना सालुंके थे, जिन्होंने भारत की पहली फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' में भी काम किया था। अपने कॅरियर के शुरुआती दौर में उन्होंने हीरो के साथ-साथ नायिका की भूमिका भी अदा की। दादा साहब फाल्के की फिल्म राजा हरिश्चंद्र में रानी तारामती बनने के बाद, वह पर्दे पर माता सीता और भगवान श्रीराम भी बने।



**लंका दहन** : साल 1917 में एक फिल्म रिलीज हुई, जिसका टाइटल था 'लंका-दहन'। ये फिल्म हिंदू महाकाव्य 'रामायण' पर आधारित थी, जिसे महर्षि वाल्मीकि ने लिखा था। फिल्म का निर्देशन दादा साहब फाल्के ने ही किया था। राजा हरिश्चंद्र के बाद ये निर्देशक की दूसरी फीचर फिल्म थी। राजा हरिश्चंद्र की तरह ही 'लंका-दहन' भी एक म्यूट फिल्म थी।

### क्यों अन्ना सालुंके को निभानी पड़ी थी सीता की भूमिका?

भारत को आजादी मिलने से पहले महिलाओं का कमर्शियल फिल्मों में काम करना, या इस तरह से अपनी कला का प्रदर्शन पर्दे पर करना गलत माना जाता था। यही वजह थी कि उस वक्त जो भी फीमेल किरदार आते थे, उसे फिल्म के अभिनेता ही निभाते थे। उन्होंने 'लंका दहन' में श्रीराम का किरदार निभाने के बाद उनकी पत्नी माता सीता का किरदार भी अदा किया था। वह भारतीय सिनेमा के पहले अभिनेता थे, जिन्होंने अधिकतर फिल्मों में अभिनेता और अभिनेत्री दोनों का किरदार निभाया।

### क्यों अभिनेता को ही दादा साहब फाल्के ने बनाया हीरोइन?

अन्ना सालुंके को फिल्मों में हीरोइन का रोल करवाना दादा साहब फाल्के की च्वाइस नहीं, बल्कि मजबूरी थी। दरअसल, दादा साहब फाल्के और अन्ना सालुंके की पहली मुलाकात एक रेस्टोरेंट में हुई थी, जहां अभिनेता कथित तौर पर एक वेटर के रूप में काम करते थे। दादा साहेब फाल्के उस दौरान एक लड़की की तलाश में थे, जिसे वह अपनी फिल्म में कास्ट कर सके। लेकिन, फिल्मों से जुड़ना उस समय पर किसी भी महिला को मंजूर नहीं था। ऐसे में दादा साहब फाल्के की नजर अन्ना सालुंके पर पड़ी, जिनका कद-काठी और फीचर ऐसे थे, जिसकी वजह से नायिका की भूमिका के लिए वह निर्देशक को एकदम परफेक्ट लगे। जैसे-तैसे दादा साहब फाल्के 10 रुपए में काम करने वाले सालुंके को 15 रुपए की फीस देकर फिल्मों में आने के लिए मना लिया और बतौर अभिनेता उनकी जर्नी की शुरुआत हो गई।

## खबर संक्षेप

### अंतरसदनीय समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

**बहल।** बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में अंतरसदनीय समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग कक्षा सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी सदनों के विद्यार्थियों ने अपने सदन की जीत के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया। मंगलवार को आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के अशोक सदन, शिवाजी सदन टैगोर सदन व प्रताप सदन के विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में शिशुकुंज प्राध्यापिका अलका तोमर व ज्ञानकुंज उपप्राचार्य सरस्वती दीक्षित शामिल रही। प्रतियोगिता में शिवाजी व प्रताप सदन के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल किया। टैगोर सदन के विद्यार्थियों को दूसरा व अशोका सदन के विद्यार्थियों को तीसरा स्थान मिला। प्रतियोगिता में अध्यापिका मंजू, रश्मि मिश्रा, खुशवू व बाला का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता का संचालन सातवीं कक्षा की यशिका, हनी व सिमरित ने किया। रतियोगिता में उपप्राचार्या सरस्वती दीक्षित ने प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए प्रतिभागी विद्यार्थियों, प्रशिक्षकों व अन्य स्टाफ सदस्यों की प्रशंसा की।

### दाताराम के निधन पर जताया शोक

**भिवानी।** सेवा नगर निवासी दाताराम सैन (75) का लंबी बीमारी के चलते देहांत हो गया था। उनके निधन से पूरे लाइनपार क्षेत्रवासियों को गहरा दुःख व्याप्त हैं। स्वर्गीय दाताराम सैन अपने भरापूरा परिवार छोड़कर गए हैं। उनके निधन पर मनीष बंसल, मनोज मौजू, कैलाश सैन, राजेश सैन, रामसिंह वैद्य, इंद्रसिंह लांबा, रोहतास वर्मा, महापंचायत प्रधान लाला पहलवान, रोहतास जोगी पूर्व पार्षद, भुपेंद्र झींगा, मास्टर वेदप्रकाश, एडवोकेट राकेश पंवार, अशोक कुमार जोगी पूर्व पार्षद ओमप्रकाश सुथार सांसद पीए, चंद्रसिंह सैन आदि ने शोक जताया।

### अंडर 11 और 14 सांस्कृतिक व चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन

# समूह नृत्य में भिवानी ब्लॉक के विद्यांतरिक्ष स्कूल ने मारी बाजी

- मौलिक शिक्षा अधिकारी भारद्वाज की देखरेख में आयोजित हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला स्तरीय स्कूली अंडर-11 और अंडर-14 आयु वर्ग की सांस्कृतिक एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुआ। यह प्रतियोगिता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र भारद्वाज की देखरेख में आयोजित की गई।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन की जिम्मेदारी एईईओ डा. अनिल कुमार ने संभाली। उनके नेतृत्व में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। आयोजन समिति में उप जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार तंवर, डा. सुरेंद्र कुमार, पवन शास्त्री, सत्यवान कोच, प्रीतपाल डीपीई, अरविंद कौशिक डीपीई, मदन गोपाल प्रवक्ता, विनोद पिंकू पीटीआई और जीतपाल शर्मा जैसे सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में बच्चों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए एक अनुभवी निर्णायक मंडल का गठन किया गया था। प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र भारद्वाज ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर करना और उन्हें अपनी रचनात्मकता को निखारने का मंच प्रदान करना है।


भिवानी। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुती देती प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने बताया कि समूह नृत्य प्रतियोगिता में भिवानी ब्लॉक विद्यांतरिक्ष स्कूल प्रथम रहा तथा एक नृत्य प्रतियोगिता में भिवानी ब्लॉक से विद्यांतरिक्ष स्कूल की आरती, बवानीखेड़ा ब्लॉक से जीपीएस सिकंदरपुर की संजना व तोशाम ब्लॉक की जीजीपीएस इशरवाल की रीतिक प्रथम रही। अंडर-14 आयु वर्ग के एकल अभिनय में आर्थव जीडी गोयनका भिवानी व जीडीगोयनका की मायरा प्रथम, चित्रकला में हैप्पी हाई स्कूल कैरू से लक्ष्य प्रथम तथा कैरू से जिगनेश द्वितीय रहे। लड़कियों में बीआरपी बीपीएस भिवानी से अंशिका व बहल से जाह्नवी द्वितीय रही। फैंसी ड्रैस लडक़ों के वर्ग में भिवानी ब्लॉक से आर्यन जैन ने बाजी मारी।


भिवानी। समाधान शिविर में समस्या सुनते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

# लंबित शिकायतों का समाधान कर पोर्टल पर अपडेट करवाना करें सुनिश्चितः एसडीएम

- एसडीएम योगेश सैनी ने की शिकायतों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

उपायुक्त मुनीश शर्मा के निर्देशों पर एसडीएम योगेश सैनी ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर, जनसंवाद व सीएम विंडो की शिकायतों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागाध्यक्ष लंबित शिकायतों का समाधान कर पोर्टल पर अपडेट करवाना सुनिश्चित करें।

शिविर में केवल कार्यालय अध्यक्ष ही आएं। अपने अधिनस्थ अधिकारी या कर्मचारी को न भेजें। साथ ही शिविर में समय पर आना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर, जनसंवाद व सीएम विंडो में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लें।

उन्होंने कहा कि किसी समस्या के समाधान में ज्यादा समय लगता है तो उसके बारे में शिकायतकर्ता को शिकायत के लंबित होने के कारण के बारे में बताया जाए। एटीआर अपडेट में कार्य के विलंब होने का कारण दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों को गंभीरता से लेकर पूरी करें। लोगों को गुमराह ना करें, उनकी समस्याओं का समाधान करें ताकि लोगों को बार बार कार्यालयों के चक्कर ना काटने पड़े। जिन विभागों के पास ज्यादा लंबित शिकायतें हैं, वे उनका समाधान अतिशीघ्र करवाना सुनिश्चित करें।

# झोझू कला में कुश्ती दंगल का आयोजन

- विजेता पहलवान को महादेव बलाली ने इनामी राशि और ट्रॉफी देते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

गोगा नवमी के पावन अवसर पर झोझू कला गांव में सोमवार को भव्य कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। ग्रामीणों की भारी भीड़ की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के नामी-गिरामी पहलवानों ने दमखम दिखाया। समाजसेवी महादेव बलाली ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विजेताओं को सम्मानित किया। दंगल का उद्घाटन महादेव बलाली द्वारा गोगा जी के निशान के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने ग्रामीणों को गोगा नवमी की शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं तथा युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा जिला कुश्ती के क्षेत्र में विश्व स्तर पर लोहा मनवा चुका है। गीता, बबीता, विनेश बहनों ने कुश्ती के क्षेत्र में प्रदेश ही नहीं देश का विश्व स्तर पर नाम रोशन किया है। आज उनसे प्रेरित होकर हजारों लड़कियां कुश्ती के क्षेत्र में आगे आने लगी हैं। कार्यक्रम में हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली से आए पहलवानों ने भाग लिया। विजेता पहलवान को समाज सेवी महादेव बलाली ने इनामी राशि और ट्रॉफी देते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी। दंगल के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर सरपंच बंटी झोझू कलां, सरपंच बूंदी, अजय नंबरदार, चांद आर्य, रामबीर झोझू, शयालु बादल, कुलवंत आदि मौजूद रहे।




# क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में 168 प्रवक्ताओं ने लिया भाग

**बवानीखेड़ा।** राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद हरियाणा गुरुग्राम के आदेशों के अनुपम में जिला भिवानी शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भिवानी में डायट प्राचार्य वीरेंद्र सिंह नारा की अध्यक्षता में एवं मोनिका प्रभारी डाइट भिवानी की देखरेख में भिवानी जिले के विभिन्न विभिन्न खंड से चार विषयों गणित इतिहास राजनीति शास्त्र एवं रसायन शास्त्र के कुल 168 प्रवक्ताओं के लिए तीन चरणों में आयोजित होने वाले क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम की सोमवार से शुरुआत हो गई।

सभी प्रवक्ताओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रवक्ताओं को नवीन ज्ञान कौशल एवं कार्य कुशलता से सशक्त करना है ताकि वे अपने क्षेत्र में अत्यधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें, इससे एक शिक्षक को अपने शिक्षण कौशल में सुधार करने के साथ-साथ विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में भी सहायता मिलेगी इसमें डाइट से प्रवक्ता नीरज सुपर्णा एवं विवेक कुमार उपस्थित रहे। बतौर मास्टर ट्रेनर नवल किशोर, मुकेश कुमार,आशीष भारद्वाज, आशा, रॉकी, गौरव, दीपिका, भावना अमन, शशिकांत और राजेंद्र ने भूमिका निभाई।



# शिविर में 25 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

- कार्यक्रम में मा. सुरेश, हरीश कौशिक, नवीन गक्खड़ और संजय कुमार ने सहयोग किया
- कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदर अत्री ने किया

बाबा कमाल मंदिर में विश्व बन्धुत्व दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ये आयोजन प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विवि की तरफ से आयोजित करवाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्याअतिथ के रूप में सुंदर अत्री ने पहुंचकर इसका शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बीके रेणु, बीके मीनू, सूबे सिंह ने अदा की। वहीं कार्यक्रम में मा. सुरेश, हरीश कौशिक, नवीन गक्खड़, संजय कुमार ने अदा की। रक्तदान शिविर में 25 यूनिट डोनेट की गई। नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि हमें समय समय पर रक्तदान करना चाहिए और उन्होंने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की इस सोच की भी जमकर सराहना की। वहीं बीके रेणु, बीके मीनू, सूबे सिंह ने बताया कि इंसान पानी का बुलबुला है इसलिए कभी घमंड नहीं करना चाहिए।



# अंधेरे में डूबी सोलर स्ट्रीट लाइट, लोग परेशान

- 2020 में बिल जमा न करवाने के कारण कनेक्शन काट दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

कस्बे के बाजार में लगाई गई हाई मास्ट लाइट खराब हो चुकी है यह लाइटें दो घंटे भी लाइट नही दे रही है बाद में अपने आप बंद हो जाती है। जिससे बाजार में अंधेरा छा जाता है। जिससे व्यापारियों में भय का माहौल बना हुआ है। शाम होते ही बाजार में अंधेरा छा जाता है। जिससे कस्बे के चारों रोडों पर रात से समय दुकानदारों में भय का माहौल बना हुआ है। बता दे कि बाढडा कस्बे में रात्रि प्रकाश की व्यवस्था के लिए वर्ष 2016 में 84 लाख की लागत से बिजली संचालित स्ट्रीट लाइट लगाई गई जिसका 2020 में बिल जमा न करवाने के कारण कनेक्शन काट दिया गया। व्यापारियों ने विद्यायक नैना चौटाला के समक्ष इस समस्या को रखा तो उन्होने लोक निर्माण विभाग की विशेष शाखा से विशेष योजना के तहत नई सौर उर्जा संचालित लाईट लगाने के लिए कहा। सितंबर 2021 में विभाग ने 70 लाख का बजट आवंटित कर लाइट लगवाई।



### लाखों रूपये खर्च करने के बाद भी नहीं मिली सुविधा

*दुकानदार अनिल, सुरेश, नवीन, अशोक कुमार, सुरेश कुमार,रामचंद्र आदि ने ने बताया कि लाखों रूपये खर्च कर लगाई गई लाइटे खुद ही अंधेरे में रहती है तो व्यापारियों की सुरक्षा कैसे हो पाएगी। उन्होने कहा कि इस बारे में विभाग के अधिकरियों से मांग की है कि उच्च क्षमता के उपकरण लगवाकर बारह घंटे प्रकाश की व्यवस्था की अपील की है।*

### जल्द कराया जाएगा अधिकारियों को अवगत : सुंदरपाल

*व्यापार मंडल अध्यक्ष सुंदरपाल ने बतायाकि जल्द ही एसडीएम व अधिकारियों से मिलकर बाजार की समस्याओं को लेकर अवगत कराया जाएगा और जल्द समाधान की मांग की जाएगी ताकि दुकानदारों को कोई परेशानी ना हो सके।*

# दादरी का विकास नए आयाम स्थापित करेगाः सांगवान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

भाजपा के दादरी विधायक सुनील सांगवान प्रदेश की नायब सरकार विकास के मामले में गंभीर है। आने वाले समय में जहां दादरी में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे वहीं अपराध पर अंकुश लगाने बारे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

विकास के लिए सरकार द्वारा धरातल पर अनेक परियोजनाओं को लागू किया जा रहा है, जिसका आने वाले समय में आमजन को फायदा मिलेगा। विधायक सुनील सांगवान ने सोमवार को अपने दादरी कैंप कार्यालय में जनसमस्याएं सुनी और समाधान बारे अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही कहा कि अधिकारी तय समय में विकास परियोजनाओं को धरातल पर लागू करें। वहीं कहा कि प्रदेश में भाजपा की नायब सिंह सैनी सरकार जो काम कर रही है, विपक्ष के गले नहीं उतर रही है।

**योजनाओं का मिल रहा लाभः** सरकार की योजनाएं आज हर घर तक पहुंच रही हैं। आने वाले समय में अनेक विकास परियोजनाएं दादरी के विकास को आगे बढ़ाएगी। इस दौरान पेयजल समस्या को लेकर आई महिलाओं का तुरंत अधिकारियों के माध्यम से समाधान करवाया।

# दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना का लाभ उठाएंः डीसी

- मृत्यु या स्थायी विकलांगता पर आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

जिला के पात्र परिवारों से दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया गया है। दयालु योजना हरियाणा सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु या स्थाई विकलांगता की स्थिति में वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने का प्रावधान है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि दयालु योजना का उद्देश्य पात्र परिवारों को सामाजिक-वित्तीय सुरक्षा देना है। योजना के तहत अंत्योदय परिवारों को उनके परिजनों की मृत्यु या स्थाई विकलांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। योजना की पात्रता के लिए परिवार की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम होनी चाहिए। योजना के तहत 6 साल से ज्यादा उम्र और 60 साल तक के परिवार के सदस्य की मौत या स्थाई विकलांगता पर वित्तीय सहायता का प्रावधान है। योजना के तहत वित्तीय सहायता मृत्यु या विकलांगता के समय व्यक्ति की उम्र के हिसाब से अलग-अलग होती है। उन्होंने कहा कि मृत्यु या स्थाई विकलांगता की तिथि से 3 महीने के भीतर योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करना होगा। यह योजना पूरी तरह निःशुल्क है। योजना के तहत 6 से 12 वर्ष आयु की स्थिति में एक लाख रुपये, 12 से 18 वर्ष आयु की स्थिति में 2 लाख रुपये, 18 से 25 वर्ष आयु की स्थिति में 3 लाख रुपये की सहायता दी जाती है।

### लोहड़ चौपटा में हर वर्ष की भांति बाबा जाहरवीर गोगापीर का लगाया भंडारा, शिव अवतारी गुरू गोरखनाथ की महिमा का गुणगान किया

# बाबा जाहरवीर गोगाजी की ज्योत प्रज्ज्वलित कर जगाई रात, परिवार की सुख-समृद्धि मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- भजनों के माध्यम से बाबा जाहरवीर गोगापीर जी व शिव अवतारी गुरू गोरखनाथ की महिमा का गुणगान किया

लोहड़ चौपटा में खरकिया परिवार की तरफ से हर वर्ष की भांति सोमवार रात को बाबा जाहरवीर गोगापीर जी की रात जगाई। कलाकारों ने डेरू बजाकर व भजनों के माध्यम से बाबा जाहरवीर गोगापीर जी व शिव अवतारी गुरू गोरखनाथ की महिमा का गुणगान किया और भंडारे में गोगाजी के समक्ष प्रसाद का भोग लगाकर भंडारा शुरू किया।

इसके बाद भंडारे में श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद परोसा गया। उल्लेखनीय हैं कि खरकिया परिवार की तरफ से हर वर्ष की भांति की भादुवे की जाहरवीर गोगा नवमी के अगले दिन दसवीं को बाबा जाहरवीर गोगापीर की रात जगाई जाती हैं और भंडारा लगाया जाता हैं। सोमवार रात को भजन संध्या एवं रात जगाई, जिसमें श्रद्धालु बाबा जाहरवीर गोगापीर जी की छड़ी, उनके चित्र एवं ज्योत के समक्ष मत्था टेककर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम के आयोजक एडवोकेट मुकेश खरकिया ने बताया कि बाबा जाहरवीर गोगापीर जी की कृपा से हर वर्ष बाबा की रात जगाई जाती हैं और भंडारा लगाया जाता हैं। जगराते में श्रद्धालु बाबा गोगापीर व शिव अवतारी गुरू गोरखनाथ के चित्र व गोगाजी की छड़ी के समक्ष मत्था टेककर परिवार की सुख, शांति व समृद्धि की कामना करते हैं और भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस मौके पर नगर परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह, नगर पार्षद अंकुर कौशिक, पार्षद मनीष गुरेजा, एडवोकेट मुकेश खरकिया, धर्मबीर खरकिया, सोनू खरकिया, मोनू खरकिया, गोपाल अग्रवाल, कपिल शर्मा, जेसीआई स्टार प्रधान संदीप मुन्ना, एडवोकेट प्रवीन शर्मा, एडवोकेट मुकेश बंसल, एडवोकेट प्रवेश तंवर, एडवोकेट यजुवेंद्र तंवर, पूनमचंद टीटू घंटाघरवाला, एडवोकेट अजय सर्राफ व कुनाल सहित अनेक गणमान्य व श्रद्धालु मौजूद रहे।



**सूचना**

मैं, मुकेश कुमारी पत्नी No. G-3500817X Late राईफल मैन सुरेन्द्र आसाम राईफल्स निवासी गांव ऊण तह. व जिला च. दादरी बयान करती हूं कि मेरा पति No. G-3500817X Late राईफल मैन सुरेन्द्र आसाम राईफल्स में सर्विस कर रहा था जोकि डयूटी के दौरान 14 मार्च 2006 को देहांत हो गया। मेरे पति की मृत्यु के समय मेरा पुत्र सुखवेन्द्र डांगी मेरे गर्भ में था। अब मेरे पुत्र सुखवेन्द्र डांगी का नाम मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में डिपेन्डेन्ट के रुप में दर्ज किया जाए। उसकी जन्म तिथि 25 मई 2006 है।

## खबर संक्षेप



### सिद्धार्थ ने स्टेट ओपन चैंपियनशिप में जीता पदक

**भिवानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी हनुमान के छात्र सिद्धार्थ यादव ने हरियाणा स्टेट ओपन जूनियर एथलेटिक चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर जिले एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर परिजनों, स्कूल स्टाफ, एवं उनके कोच ने उन्हें बधाई दी है। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त करने पर सिद्धार्थ यादव ने इसका श्रेय अपने परिजनों, प्राचार्य सतीश शर्मा सहित स्कूल स्टाफ, कोच विनोद कटारिया को दिया है। सिद्धार्थ यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने के साथ ही उन्होंने नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाइ कर लिया है।

### गोशाला के सामने गड्ढे में मिला अज्ञात शव

**लोहारू।** लोहारू पुलिस को कस्बे के पिलानी रोड स्थित गौशाला के सामने जोहड़ी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव गला-सड़ा अवस्था में बरामद हुआ है। जांच अधिकारी एसआई लालजीत ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिवानी के सामान्य अस्पताल में भेज दिया है। शव से दुर्गंध आ रही थी। जानकारी के अनुसार लोहारू थाना पुलिस को पिलानी रोड पर गौशाला के सामने एक जोहड़ी में किसी व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिली। जिसपर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। प्राथमिक जांच में शव लगभग 5-7 दिन पुराना बताया जा रहा है। शव की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। शव को लोहारू उपनागरिक अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा जांच उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भिवानी नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया गया। जांच अधिकारी एसआई लालजीत शव को पोस्टमार्टम के लिए भिवानी लेकर गए हैं। मृतक ने गोल गले की टी-शर्ट एवं कैफरी जैसी पैंट (जिस पर जेब लगी हुई है)।

### हॉस्पिटल व रेस्टोरेंट संचालकों पर आखिर क्यों नहीं हो रही कार्रवाई

# अवैध कचरा प्वाइंट पर डाला जा रहा बायोवेस्ट और कचरा, न जुर्माना और न हो रही कड़ी कार्रवाई

**क्षेत्रवासी व नगर पार्षद अनेक बार कर चुके शिकायत, शहर के सौंदर्यीकरण में बने रोड़ा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पंचायत भवन के पास कमला भवन के सामने अवैध कचरा प्वाइंट बना हुआ हैं, जहां पर प्रतिदिन हॉस्पिटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों द्वारा बायोवेस्ट एवं कचरा डाला जा रहा हैं। अवैध कचरा प्वाइंट पर डाले गए बायोवेस्ट व कचरे में बेसहारा पशु दिनभर मुंह मारते रहते हैं। बायोवेस्ट में नीडल्स, सीरिंज, दवाई के खाली रैपर, ग्लाऊस सहित अन्य सामान शामिल है, जो बेसहारा पशुओं के लिए जानलेवा साबित हो रहा हैं। वहीं रेस्टोरेंट का बचा हुआ खाना व कचरा आदि भी काफी मात्रा में डाला जाता हैं, जिनपर न नगर परिषद और न जिला प्रशासन कोई कार्रवाई कर रहा, जो शहर के सौंदर्यीकरण में रोड़ा बने हुए हैं। उल्लेखनीय हैं पंचायत भवन के पास अवैध कचरा प्वाइंट पर प्रतिदिन बायोवेस्ट व रेस्टोरेंटों का कचरा डाला जाता हैं।

बायोवेस्ट व कचरे को लेकर वार्ड नंबर दो के पार्षद संदीप यादव व क्षेत्रवासी अनेक बार जिला प्रशासन व नप प्रशासन को शिकायत कर चुके, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही, जिसके चलते अज्ञात हास्पिटल व रेस्टोरेंट संचालक बेखौफ होकर प्रतिदिन बायोवेस्ट व कचरा यहां डाल देते हैं। नगर पार्षद व क्षेत्रवासियों द्वारा बायोवेस्ट डालने वाले हॉस्पिटल संचालकों और कचरा डालने वाले रेस्टोरेंट संचालकों पर मोटा जुर्माना लगाकर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की, ताकि शहर का सौंदर्यीकरण में रोड़ा अटकाने वाले लोगों को सीख मिल सकें। अवैध कचरा प्वाइंट पर बायोवेस्ट में नीडल्स, सीरिंज, दवाईयों के खाली रैपर व ग्लाऊस सहित मरीजों को उपचार के दौरान निकलने वाला गंद भी डाला जा रहा हैं,जिसे खाकर बेसहारा पशु मौत का शिकार हो रहे हैं। वहीं बायोवेस्ट में कूड़ा बीनने वाले बच्चे व महिलाएं हाथ मारते हैं, जिसमें सीरिंज व सुई से कूड़ा बीनने वाले बच्चे व महिलाओं को भी इंफैक्शन हो सकता हैं, जो उनके लिए जानलेवा हैं। वहीं शिकायत करने पर नप व जिला प्रशासन की तरफ से महज झूठा आश्वासन ही दिया जाता हैं, चालान काटकर जुर्माना लगाना व ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं की जा रही।




भिवानी। पंचायत भवन के पास डाला गया हॉस्पिटलों का बायोवेस्ट व रेस्टोरेंट का कचरा। फोटो : हरिभूमि

#### मेडिकल व रेस्टोरेंट संचालकों को भेजे जाएंगे नोटिस, एक कर्मचारी करें तैनातः भवानी

नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने कमला भवन के पास कचरा प्वाइंट को सफाई करवाकर खत्म कर दिया था, लेकिन पहले भी शिकायत मिली थी कि यहां पर हॉस्पिटल संचालक बायोवेस्ट व रेस्टोरेंट संचालक कचरा डालते हैं, तब उन्हें नोटिस भेजकर समझाया गया था। अब इस संबंध में हॉस्पिटल व रेस्टोरेंट संचालकों को दोबारा नोटिस भेजे जाएंगे और कड़ी कार्रवाई व जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं अवैध कचरा प्वाइंट को खत्म करने के लिए एक कर्मचारी तैनात किया जाएगा, जो लोगों को यहां कूड़ा डालने से मना करेंगा और कचरा वाहन में कूड़ा डालने को जागरूक करेगा।

#### शहर के सौंदर्यीकरण में रोड़ा होने के साथ साथ बेसहारा पशुओं के जीवन के लिए घातक : संदीप

नगर पार्षद संदीप यादव ने बताया कि कमला भवन के समाने अवैध कचरा प्वाइंट हैं, जिसे अनेक बार अच्छे तरीके से सफाई करवाकर प्वाइंट को बंद किया गया था, लेकिन कुछ क्षेत्रवासी यहां कूड़ा डाल देते हैं। वहीं अनेक हॉस्पिटल संचालक यहां बायोवेस्ट डालकर बेसहारा पशुओं व कूड़ा बीनने वाले गरीब महिला व बच्चों का जीवन जोखिम में डाल रहे हैं। इसके अलावा यहां बहुत अधिक मात्रा में रेस्टोरेंट से निकलने वाला कचरा डाला जा रहा हैं, जो शहर के सौंदर्यीकरण में रोड़ा होने के साथ साथ बेसहारा पशुओं के जीवन के लिए घातक हैं। वे अनेक बार नगर परिषद व जिला प्रशासन को जुर्माना व कड़ी कानूनी कार्रवाई की शिकायत कर चुके, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही और उक्त स्थान पर प्रतिदिन बायोवेस्ट व रेस्टोरेंट का कचरा डाला जाता हैं।

#### मेडिकल बायोवेस्ट के लिए अलग वाहन

नप ने घरों से निकलने वाले कचरे को एकत्रित करने के लिए शहर मे वार्ड अनुसार वाहन लगाए रखे हैं। ये वाहन घरों से निकलने वाले कचरे को एकत्रित करके डंपिंग प्वाइंट पर डालते हैं। वहीं नप शहर के अवैध कचरा प्वाइंटों को खत्म कर रही है, ताकि शहर को साफ व सुथरा बनाया जा सके, लेकिन हॉस्पिटलों से निकलने वाले बायोवेस्ट को शहर में कही पर भी नहीं डाला जाता। इन मेडिकल बायोवेस्ट के लिए अलग वाहन आते हैं और हॉस्पिटल से ही कचरा एकत्रित कर निश्चित जगह पर निस्तारण किया जाता हैं।

#### गाय की अकाल मौत

गोरक्ष दल के प्रधान संजय परमार ने बताया कि शहर में अनेक जगहों पर कचरा प्वाइंट के इर्द गिर्द गाय मृत या बीमार अवस्था में मिलती हैं, जिसका उपचार व मृत का पोस्टमार्टम करवाने पर पता चलता हैं कि कूड़े के ढेर में खाने की वस्तुओं के साथ पड़े मेडिकल बायोवेस्ट में सुई आदि खाने से गाय की अकाल मौत हुई हैं। वे शहर के कचरा प्वाइंटों पर डाले जा रहे मेडिकल बायोवेस्ट को बंद करवाने व कानूनी कार्रवाई को लेकर 25 अगस्त सोमवार को डीसी, डीएमसी व नप चेयरमैन को ज्ञापन सौंपेंगे।

## सात खिलाड़ियों ने जीते पदक

- जिला स्तरीय योगसन में कायाकल्प योग केंद्र के खिलाड़ियों का दबदबा
- 18 से 28 सीनियर समूह में आर्टिस्टिक एकल में महक प्रथम, आर्टिस्टिक पेयर में महक और प्रीति दूसरे स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव लेघां के मेलनाथ आश्रम में पांचवीं जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें कायाकल्प योग केंद्र के योगा खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर किया। पदक विजेता खिलाड़ियों का मंगलवार को कायाकल्प योग केंद्र पर स्वागत किया। कायाकल्प योग केंद्र की कोच रेनु वर्मा व कविता अहलावत ने बताया कि हाल ही में गांव लेघां के मेलनाथ आश्रम में संपन्न हुई पांचवीं जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में केंद्र के खिलाड़ियों ने गोल्ड, सिल्वर मेडल हासिल किए हैं।



विजेता खिलाड़ियों में 10 से 14 आयुवर्ग के सब जूनियर समूह में हैंडबेलेंस में मानसी ने प्रथम, ट्रेडिसनल में इशिका ने दूसरा, रिदमिक पेयर में इशिका और मानसी ने दूसरा स्थान हासिल किया। आर्टिस्टिक एकल में मानवी ने तृतीय, रिदमिक पेयर में मानवी ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी तरह 14 से 18 आयुवर्ग के जूनियर समूह मुकाबलों में रिदमिक पेयर में जया वर्मा और मानवी ने प्रथम, आर्टिस्टिक पेयर में जया वर्मा व मानवी ने दूसरा एवं आर्टिस्टिक पेयर लड़कों के जूनियर मुकाबलों में माधव और पारस दूसरे स्थान पर रहे। इसी तरह 18 से 28 सीनियर समूह में आर्टिस्टिक एकल में महक प्रथम, आर्टिस्टिक पेयर में महक और प्रीति दूसरे स्थान पर रही। ट्रेडिशनल में प्रीति दूसरे स्थान पर रही। रेनु वर्मा व कविता अहलावत ने बताया कि पदक विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय योगासना खेल स्पर्धा के लिए चयनित हुए हैं।

## गणमान्य लोगों को दी जाए सदस्यताः जयकुमार

- कुछ परिवार ही संस्थाओं पर न रहे काबिज, कार्यशैली में पारदर्शिता बरती जाए : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सामाजिक कार्यकर्ता जयकुमार गुप्ता ने कहा कि शहर की वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट, आदर्श महिला महाविद्यालय, वैश्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रबंधन समिति का विस्तार कर उसमें शहर के अन्य गणमान्य लोगों को शामिल किया जाना चाहिए और राशि निर्धारित कर शहर के गणमान्य लोगों को सदस्यता दी जाए, ताकि ये संस्थाएं और अधिक बेहतर ढंग से शिक्षा क्षेत्र में कार्य कर सकें।

वहीं इन संस्थाओं पर कुछ ही परिवार काबिज न रहे। इसके लिए शहर के विभिन्न वर्गों के गणमान्य लोगों की बैठक बुलाई जाएगी। सामाजिक कार्यकर्ता जयकुमार गुप्ता मंगलवार को एक रेस्तरां में पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। गुप्ता ने कहा कि समाज के गणमान्य लोगों ने चंदा एकत्रित करके सामाजिक संस्थाओं का गठन किया और शिक्षण संस्थान शिक्षा देने के लिए स्थापित किए थे, लेकिन इन संस्थाओं में व्याप्त स्तर पर गोलमाल है। कुछ परिवार ही इन संस्थाओं पर काबिज हैं और समाज के अन्य गणमान्य लोगों का प्रवेश इन संस्थाओं में नहीं होने दिया जा रहा, ऐसे में इन संस्थाओं की कार्यशैली में क्या पारदर्शिता बरती जा रही है, इसका लोगों को पता नहीं चल पा रहा है। वे मांग करते हैं कि एक राशि निर्धारित कर इन संस्थाओं में शहर के गणमान्य लोगों को सदस्यतता दी जाए।



भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते सामाजिक कार्यकर्ता जयकुमार गुप्ता।

#### 30 लाख का गबन

गुप्ता ने कहा कि वैश्य मॉडल स्कूल में 30 लाख रुपये का गबन हुआ था, उसकी जांच के उपरांत जांच अधिकारी धीरेन्द्र खडगटा ने एफआईआर के लिए उपायुक्त को पत्र लिखा था। उपायुक्त के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली, लेकिन आज तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। यहीं नहीं आरोपी ने बिना प्रस्ताव पास किए वैश्य इंटरनेशनल स्कूल का निर्माण करवाकर करोड़ों की राशि को इधर से उधर कर दिया, ये राशि वैश्य मॉडल स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावकों से ली गई थी। स्कूल निर्माण से पहले न डीटीपी से स्वीकृति ली और न कोई प्रस्ताव पास किया और अभिभावकों से फीस के रूप में ली गई।

## किसानों का मुआवजे की मांग को लेकर लगातार धरना जारी

**बाढड़ा।** कपास बीमा क्लेम में घोटाले की जांच व क्लेम जारी करने की मांगों को किसानों का धरना जारी रहा। धरने की अध्यक्षता रणधीर कुंगड़ व भुप सिंह दलाल ने की तथा संचालन नरेश कादयान ने किया। धरने को संबोधित करते हुए किसानों ने कहा कि रबी सरसों ,गेहूं व चना का बीमा क्लेम व बकाया मुआवजे की मांग को लेकर पिछले एक माह से अधिक समय से किसान क्षेत्र में हुई बैमोसमी बरसात व ओलावृष्टि से खरा हुई फसल के मुआवजे की मांग कर रहे है लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा कोई सुध नहीं ली गई है। जिसको लेकर सयु1त किसान मोर्चा के आहवान पर प्रदेश भर के किसान अधिकारियों ने सत्ताधारियों से मिल कर ,चुनाव आचार संहिता के चलते, जिला भिवानी व चरखी-दादरी जिलों के 450 करोड़ रुपयों के क्लेम को लगभग सौ करोड़ रुपये था।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## सरकुलर रोड पर धंस रही है सड़क

- समय रहते समस्या पर ध्यान नहीं दिया तो किसी दिन हो सकता है बड़ा हादसा : तौला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शहर के व्यस्ततम सरकुलर रोड पर दिनोद गेट से घंटाघर की ओर जाने वाली सडक़ पर पिछले कई दिनों से जमीन धंसने की समस्या ने लोगों को परेशान कर रखा है। यह समस्या धीरे-धीरे एक बड़े गड्ढे का रूप ले चुकी है, जिससे आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। दुकानदारों और निवासियों का आरोप है कि संबंधित विभाग इस समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं कर रहा, बल्कि सिर्फ खानापूर्ति करके मामले को रफा-दफा कर देता है। मंगलवार को जनकल्याण सहयोग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक अग्रवाल तौला ने मौके पर पहुंचकर इस समस्या का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि सडक़ के किनारे लगातार जमीन धंस रही है, जिससे सडक़ का एक बड़ा हिस्सा कमजोर हो गया है। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद दुकानदारों से भी बात की। दुकानदारों ने तौला को बताया कि कई बार शिकायतों के बाद भी प्रशासन ने इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। पटरी पर कार्य करने वाले छोटे व्यापारियों ने कहा कि संबंधित विभाग एक साल में करीबन 5 से 6 बार अस्थाई निवारण करवा चुका है, लेकिन इस समस्या को स्थायी समाधान की जरूरत है तथा जब तक स्थायी समाधान नहीं हो जाता, यह समस्या यू ही आमजन के लिए परेशानी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी आते हैं, थोड़ी बहुत मिट्टी या मलबा डालकर चले जाते हैं। कुछ ही दिनों बाद बारिश या वाहनों के दबाव से स्थिति फिर से बदतर हो जाती है। जिसके बाद दीपक अग्रवाल ने तुरंत पीएचईडी एवं बी एंड आर विभाग के अधिकारियों को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया।



भिवानी। शहर में एक जगह पर धंसा सरकूलर मार्ग दिखाता हुआ।

## चुनाव की प्रक्रिया के लिए डेलीगेट की चुनावी प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

- प्रदेश में 115 डेलगट बनेंगे जो बाद में चेयरमैन का चुनाव करेंगे

प्रदेश के एक्स सर्विसमैन लीग के चेयरमैन चुनाव की प्रक्रिया के लिए डेलीगेट की चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। बहल क्षेत्र से भूतपूर्व सैनिक कष्ट निवारण समिति ने अपना डेलीगेट प्रत्याशी घोषित कर दिया है। समिति ने बैठक का आयोजन कर सर्वसम्मति से सूबेदार मेवासिंह सुरपुरा को अपना डेलीगेट प्रत्याशी घोषित किया है।

मंगलवार को कर्नल ब्रह्मसिंह श्योराण बिधनोई की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में भूतपूर्व कष्ट निवारण समिति से जुड़े अनेक पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। बैठक में कर्नल ब्रह्मसिंह ने पूर्व सैनिकों को एक्स सर्विस मैन लीग के चेयरमैन चुने जाने की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने चेयरमैन और लीग के चुने जाने वाले डेलीगेट के अधिकार और उनकी शक्तियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में कुल 115 डेलगेट बनेंगे जो बाद में चेयरमैन का चुनाव करेंगे। उपस्थितजनों को बताया कि वे इस चुनाव प्रक्रिया में जरूर भाग लें और अपने प्रत्याशी को जीताने के लिए पूरा प्रयास करें। बैठक में कैप्टन महावीर सिंह ने भूतपूर्व सैनिक कष्ट निवारण समिति की तरफ से सूबेदार मेवासिंह सुरपुरा के नाम का प्रस्ताव रखा।

### वैश्य मॉडल स्कूल एजुकेशन सोसाइटी की कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

## विधायक घनश्याम सर्राफ बने अध्यक्ष, पूरा पैनल जीता

- महासचिव बृजलाल सर्राफ व कोषाध्यक्ष सुंदरलाल अग्रवाल को कार्यभार ग्रहण करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल एजुकेशन सोसाइटी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने मंगलवार को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसाइटी द्वारा नियुक्त प्रशासक नरेंद्र कुमार यादव ने औपचारिक समारोह में सोसाइटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विधायक घनश्याम दास सर्राफ, महासचिव बृजलाल सर्राफ व कोषाध्यक्ष सुंदरलाल अग्रवाल को कार्यभार ग्रहण करवाया और सोसाइटी संबंधित दस्तावेज सौंपकर सौंपे। इस अवसर पर विधायक एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष घनश्याम सर्राफ ने कहा कि हम सबको साथ लेकर संस्था की उन्नति के लिए काम करेंगे। हमारा प्रयास रहेगा कि हमारे पूर्वजों ने जिस सोच के साथ संस्था का निर्माण किया था, उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे।



भिवानी। कार्यभार ग्रहण करते वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल एजुकेशन सोसाइटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विधायक घनश्यामदास सर्राफ, महासचिव बृजलाल सर्राफ व कोषाध्यक्ष सुंदरलाल अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

#### विधायक सर्राफ ने दो वोट से अजय गुप्ता को हराया

सोमवार को संपन्न हुए वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल एजुकेशन सोसाइटी के चुनावों में 17 सदस्यों ने मतदान किया। चुनाव अधिकारी नीरज अग्रवाल की देखरेख में चुनाव हुआ। चुनाव में प्रधान पद के विधायक घनश्यामदास सर्राफ को नौ वोट, प्रधान पद के दूसरे उम्मीदवार अजय गुप्ता को सात वोट मिले और एक वोट कैंसिल हो गया। वहीं उपप्रधान पद के लिए विधायक सर्राफ पैनल के सुरेश गुप्ता को नौ वोट व प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार कमलेश चौधरी को आठ वोट, महासचिव पद के लिए बृजलाल सर्राफ को नौ वोट व उनके प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार पवन बुवानीवाला को आठ वोट, कोषाध्यक्ष पद के लिए सुंदरलाल को नौ वोट व प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार विजय किशन धारेड़ूवाला को आठ वोट मिले। चुनाव में विधायक सर्राफ का पूरा पैनल जीता, जिसमें विधायक घनश्यामदास सर्राफ सोसाइटी के अध्यक्ष, उन्हीं के पैनल के सुरेश गुप्ता उपप्रधान, बृजलाल सर्राफ महासचिव व सुंदरलाल अग्रवाल कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पूर्व अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता, पूर्व महासचिव पवन बुवानीवाला, पूर्व कोषाध्यक्ष विजय किशन अग्रवाल, समिति सदस्य केके मोहता, पवन अग्रवाल, सुमित खेमका, चुनाव अधिकारी नीरज अग्रवाल व प्राचार्य कमला गुरेजा उपस्थित रहे।